लखनऊ
सोमवार, 21 अगस्त 2023
वर्षः-08 अंकः-04
पृष्ठः-8 मूल्यः- 2 रुपये
RNI- UPHIN/2016/74800

हिन्दी साप्ताहिक
नई सोच, नया जुनून.....
करण वाणी

दूसरों से हमेशा ऐसे बात करो कि कभी वापिस लेनी पड़े तो बुरा न लगे।

# तब बहन ने नाग को मार डाला....

# गुड़िया पीटने की परंपरा, नाग पूजा से क्या है इसका कनेक्शन?

**नाग पंचमी के दिन आखिर उत्तर प्रदेश के शहरों में क्यों पीटी जाती है गुड़िया? आखिर कब और कैसे शुरू हुआ गुड़िया का यह त्योहार? बहनों के द्वारा सजाई गई गुड़िया को आखिर क्यों पीटने पहुंचते हैं भाई? गुड़िया पीटने की रस्म और इससे जुड़ी कथा के बारे में विस्तारसे जानने के लिए पढ़ें ये लेख।**

करण वाणी, न्यूज

हिंदू धर्म में श्रावण मास के शुक्लपक्ष की सप्तमी को नागपंचमी के पर्व के रूप में मनाया जाता है. इस पावन तिथि को नाग देवता कीपूजा के लिए जाना जाता है, लेकिन इसी पर्व पर उत्तर प्रदेश के तमाम क्षेत्रों में गुड़िया का पर्व भी मनाया जाता है. नागपंचमी के दिन सर्पपूजन के साथ शाम के समय तमाम जगह पर गुड़िया की डंडे से पिटाई की जाती है. बहनों के द्वारा सजीझ्रसजाई गुड़िया को आखिर भाईलोग डंडे से क्यों पीटते हैं? गुड़िया पीटने की परंपरा के पीछे आखिर क्या वजह है? आइए गुड़िया पर्व से जुड़ी कथा और इस परंपरा केबारे में विस्तार से जानते हैं।

**गुड़िया की क्यों होती है पिटाई**

नागपंचमी के पर्व पर उत्तर प्रदेश के तमाम गांवों, कस्बों और शहरों में हर साल गुड़िया का पर्व बड़ी धूमझ्रधाम से मनाया जाता है. इस पर्वको मनाने के लिए बहनें कई दिनों पहले से ही अपनी गुड़िया तैयार करना शुरू कर देती हैं. अमूमन तमाम लड़कियां पुराने कपड़े से बनीगुड़िया को तैयार करके उसे चौराहे या तालाब आदि के पास रख आती हैं, जिसे बाद वहां पर एकत्रित उनके भाई और दूसरे बच्चे डंडे सेपीटते हैं।

**नाग देवता से जुड़ी है कथा**

खूबसूरत से दिखने वाली इस गुड़िया की पिटाई के पीछे एक कथा आती है, जिसके अनुसार एक प्राचीन काल में एक महादेव नाम कालड़का नाग देवता का अनन्य भक्त था. जो प्रतिदिन किसी शिवालय में जाकर भगवान शिव के साथ नाग देवता की विशेष रूप से पूजाकिया करता था. मान्यता है कि उसकी इस श्रद्धा और भक्ति से प्रसन्न होकर नाग देवता उसे प्रतिदिन दर्शन दिया करते थे. मान्यता है किकई बार मंदिर में पूजा के दौरान नाग उस शिवभक्त के पैरों पर लिपट जाया करते थे, लेकिन नाग देवता की कृपा से उसे कभी कुछ भीनुकसान नहीं पहुंचाते थे।

**तब बहन ने नाग को मार डाला**

मान्यता है कि एक दिन जब महादेव शिवालय में नाग देवता की पूजा में ध्यान मग्न था तो हमेशा की तरह एक नाग उसके पैरों में आकरलिपट गया, उसी समय उसकी बहन वहां पर पहुंच गई। नाग को अपने भाई के पैरों में लिपटा देखकर वह डर गई। जब उसे इस बात




काभय हुआ कि वह नाग उसके भाई को काट सकता है तो उसने एक डंडा उठाकर उस नाग को पीटझ्रपीट कर मार डाला. इसके बाद जबमहादेव का ध्यान टूटा तो उसने अपने सामने नाग को मरा पाया।

**नाग पंचमी पर इसलिए पीटते हैं गुड़िया**

बहन के द्वारा नाग के मारे जाने से भाई को बहुत गुस्सा आया और जब उसने इसका कारण अपनी बहन से पूछा तो बहन से सच्चाई बतादी. इस पर महादेव ने अपने बहन से कहा कि तुमने नाग देवता को मारा है लेकिन इसका दंड तुम्हें जरूर मिलेगा. चूंकि बहन ने अनजाने मेंनाग को मारा था इसलिए उस दिन प्रतीकात्मक सजा के तौर पर कपड़े से बनी गुड़िया को पीटा गया, तब से लेकर आज तक नाग पंचमीके दिन गुड़िया को पीटने की परंपरा चली आ रही है।



# इंडो नेपाल बॉर्डर पर 13 साल बाद सड़क बनने का रास्ता साफ, गृह मंत्रालय ने दी सैद्धांतिक सहमति

## मुख्यमंत्री के निर्देश पर 1621 करोड़ से सात जिलों में 64 किमी बनाई जाएगी सड़क

**करण वाणी, न्यूज**

**बरेली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर इंडो नेपाल बॉर्डर पर 1621 करोड़ से 64 किमी सड़क बनाए जाने कारास्ता साफ हो गया है। गृह मंत्रालय ने इंडो नेपाल बॉर्डर पर सड़क बनाने को सैद्धांतिक सहमति दे दी है। इसको लेकर तैयारी शुरू होगई है पीलीभीत में पिलर संख्या 7 बंदरभोज, पिलर संख्या 42 शारदा पुरी बाजार घाट तक 39 किलोमीटर सड़क बनने से दर्जनों गांवके लोगों का सफर आसान होगा। पीलीभीत से लेकर लखीमपुर खीरी, बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर और महाराजगंज64 किमी तक इंडो नेपाल बॉर्डर पर सड़क बनाने का काम तेजी से शुरू हो जाएगा।

**फ्लाईओवर समेत 11 अंडरपास बनाने की सहमति के बाद ली जाएगी एनओसी**

इंडो नेपाल बॉर्डर सड़क परियोजना के अधिशासी अभियंता संजीव जैन ने बताया कि 2.8 किमी लंबाई का लघु सेतु का निर्माण, पीलीभीत में 37.13 किमी लंबी सड़क के लिए 394. 40 करोड़ की डीपीआर तैयार की गई थी। 31 जुलाई 2023 को भारत सरकार नेअपनी सहमति दे दी है। 27 जुलाई को वन्य जीव संस्थान देहरादून के अधिकारियों के बीच वार्ता हुई थी। इसके बाद सड़क पर 11 अंडरपास की सहमति दे दी है। सड़क पर वन्यजीवों के आने जाने के लिए 11 अंडरपास बनाए जाएंगे। इसके अलावा एक फ्लाईओवरभी बनाया जाएगा।

**सड़क परियोजना को जल्द पूरा करने के लिए बनाए गए नोडल अफसर**

सड़क बनाने की शुरूआत नवंबर 2010 में की गई थी। इसकी डीपीआर तैयार की गई थी। लेकिन वन विभाग की एनओसी न मिलनेकी वजह से इसका निर्माण फंसा हुआ था। मुख्यमंत्री के निर्देश पर चीफ सेक्रेटरी ने इस पूरे मामले में भारत सरकार और विभाग केअधिकारियों से बात की। इसके बाद गृह मंत्रालय ने सैद्धांतिक सहमति दी है। शारदा नदी के पुल पर भी गृह मंत्रालय ने अपनी सहमति देदी है। इसे डीपीआर में शामिल कर लिया गया है। इंडो नेपाल बॉर्डर परियोजना के लिए अधिशासी अभियंता लखीमपुर खीरी औरअधिशासी अभियंता इंडो नेपाल बॉर्डर बहराइच को नोडल ऑफिसर नियुक्त किया गया है। वह अन्य अधिकारियों से बात कर इसमामले में एनओसी और आगे की प्रक्रिया पूरी करेंगे।

**मुख्यमंत्री के निर्देश पर मंडलायुक्त ने किया था दौरा, भेजी थी शासन को रिपोर्ट**

चीफ सेक्रेटरी दुगार्शंकर मिश्र के बरेली दौरे के बाद मुख्यमंत्री के निर्देश पर मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने नेपाल बॉर्डर के गांवों का दौराकर वहां चौपाल लगाई थी। गांव वालों ने इंडो नेपाल बॉर्डर की सड़क के निर्माण की मांग की थी। इसके बाद मंडलायुक्त ने सड़क बनानेमें आ रही अड़चन के संबंध में रिपोर्ट शासन को भेजी थी। इसके बाद शासन ने पूरे मामले में संज्ञान लेकर



कार्रवाई की। गृह मंत्रालय सेलेकर वन विभाग के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर समस्या का समाधान कराया गया। नेपाल बॉर्डर के कई गांव के लोगोंको काफी आसानी होगी। सड़क न होने की वजह से लोगों को आवागमन में दिक्कत होती थी। एक गांव से दूसरे गांव में जाना पड़ताथा। नेपाल बॉर्डर पर आसानी से आवागमन हो सकेगा।

## यूपी में अब उद्यमियों व व्यापारियों के खिलाफ बिना जांच के नहीं दर्ज होगी एफआईआर

डीजीपी मुख्यालय ने इस संबंध में सभी जिलों और पुलिस कमिश्नरेट को दिशा, निर्देश जारी किया है। जारी दिशा, निर्देश में कहा गयाहै कि राज्य के विकास कार्यों को गति देने के लिए इज आफ डूइंग बिजनेस के प्रति शासन प्रशासन दृढ़ संकल्पित है। ऐसे मेंआवश्यक है कि किसी भी उद्यमी, व्यापारी, शैक्षिक संस्था, चिकित्सालय, भवन निमार्ता तथा होटल रेस्टोरेंट आदि से संबंधित मालिकतथा प्रबंधन स्तर के कर्मचारियों का किसी प्रकार से उत्पीड़न न होने पाए।

सुप्रीम कोर्ट की तरफ से रिट याचिका में साफ निर्देश

इस मामले में सुप्रीम कोर्ट की तरफ से भी एक रिट याचिका में साफ निर्देश दिए गए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने ऐसे प्रकरण जो सिविल प्रकृति केहैं या व्यवसायिक विवाद से संबंधित हैं या किसी प्रतिष्ठान संस्थान में आकस्मिक दुर्घटना से संबंधित हैं, उनमें एफआईआर दर्ज करने से पहले प्राथमिक जांच कराए जाने की एक औपचारिक प्रक्रिया निर्धारित की है। शुक्रवार को डीजीपी मुख्यालय से एक बार फिर से निर्देशितकिया गया कि सभी महत्वपूर्ण संस्थानों में आकस्मिक दुर्घटनाओं में एफआईआर दर्ज करने से पहले सुनिश्चित किया जाएगा कि प्रार्थना पत्र मेंनामित अभियुक्त का घटना से सीधा संबंध है या नहीं।

## घोसी उपचुनाव में बीजेपी प्रत्याशी दारा सिंह चौहान पर फेंकी गई स्याही



उत्तर प्रदेश के मऊ जिले के घोसी विधानसभा सीट पर उपचुनाव होने वाला है. घोसी उपचुनाव के लिए बीजेपी ने दारा सिंह चौहान को उम्मीदवार बनाया है. रविवार को जिले के थाना सराय लखांशी क्षेत्र के अदरी गांव के पास प्रचार के समय दारा सिंह चौहान पर स्याही फेंकी गई. दारा सिंह चौहान के कार से उतरने पर कार्यकर्ता उनका स्वागत कर रहे थे, तभी बीच से किसी ने उन पर स्याही फेंक दी.

इस दौरान स्याही दारा सिंह चौहान की आंखों में भी चली गई. इससे वहां अफरा-तफरी का माहौल हो गया. वहीं पीछे खड़े उनके गार्ड ने तुरंत उन्हें साइड किया और आरोपी को पकड़ने के लिए के लिए चले गए. स्याही गिरने से आस-पास खड़े लोगों के कपड़े भी खराब हो गए. स्याही फेंके जाने पर दारा सिंह चौहान ने समाजवादी पार्टी पर हमला बोला है. उन्होंने कहा है कि घोसी उपचुनाव में सभी के सारे समीकरण ध्वस्त हो चुके हैं. हमें हर धर्म का व्यापक समर्थन मिल रहा है. भारी मतों से बीजेपी जीतने जा रही है. इसी बात से हताश और निराश होकर विरोधी इस तरह का काम कर रहा है. इससे लोगों में बहुत गुस्सा है, ये साजिश है लेकिन घोसी की जनता 5 सितंबर को इसका जवाब कमल का बटन दबाकर देगी।

दारा सिंह चौहान ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कामों पर घोसी की जनता मुहर लगाने जा रही है. इसी बात की घबराहट समाजवादी पार्टी में देखने को मिल रही है, इसीलिए ये काम सपा के लोगों ने किया है. उन्होंने बताया कि हम लोग मीटिंग करके एक जगह कार्यकताओं से मिलने के लिए गाड़ी से उतर रहे थे. तभी भीड़ में से कोई स्याही फेंक कर भाग गया. उसको पकड़ने की कोशिश की गई लेकिन वो फरार हो गया।

# अखिलेश का बीजेपी पर अटैक, बोले सड़क पर रोज एक की जान लेता है सांड

अखिलेश यादव ने तंज कसते हुए कहा कि वढ में ट्रैफिक पुलिस में नई भर्ती हुई है, जो कि हर सड़क पर दिखाई दे रहे हैं, ये नई भर्ती हैजिसकी वजह से हर दिन एक व्यक्ति की जान जा रही है, यहां अखिलेश सांड को लेकर राज्य सरकार पर हमला बोल रहे थे।

**करण वाणी, न्यूज**

अखिलेश यादव ने यूपी सरकार पर निशाना साधा, अखिलेश यादव ने कहा कि वढ में ट्रैफिक पुलिस में नई भर्ती हुई है, जो कि हरसड़क पर दिखाई दे रहे हैं, ये नई भर्ती है जिसकी वजह से हर दिन एक व्यक्ति की जान जा रही है. अखिलेश ने कहा कि एक भी दिनऐसा नहीं है जिस दिन उत्तर प्रदेश में किसी किसान की किसी गरीब की जान, किसी व्यापारी की जान उस नई भर्ती की वजह से न जारही हो।

यहां अखिलेश यादव सांड के मुद्दे पर बिना नाम लिए बोल रहे थे, अखिलेश ने कहा कि मैं नाम नहीं बोलना चाहता था. इनकी वजह सेहादसों में बढ़ोतरी हुई है. अखिलेश ने सांडों को लेकर राज्य सरकार पर हमला बोला कि सांडों को यह नंदी मानते हैं, अरे हम कैसे कह देंकि यह नंदी है जो हर रोज एक व्यक्ति की जान लेगा।

**सांड के मुद्दे पर खुल कर बोल रहे हैं अखिलेश**



बताते चलें कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव सांड के मुद्दे पर राज्य सरकार को लगातार घेर रहे हैं. हाल ही में विधानसभा में भी अखिलेशने मुद्दा उठाया था. अखिलेश ने कहा था कि अगर कुछ नहीं हो सकता है तो कम से कम ह्यसांड सफारीह्य ही बना लें. उन्होंने कहा था किलायन सफारी को ठीक नहीं कर पाए. आप इस पर काम क्यों नहीं कर रहे हैं. क्या आपके पास बजट की कमी है।

# हिंदू पंचांग देखकर अपराधों पर लगाम लगाएगी पुलिस, पुलिस स्टेशनों में भेजा गया पंचांग

**करण वाणी, न्यूज**

उत्तर प्रदेश के डीजीपी ने एक सर्कुलर जारी किया है. इसके साथ हिंदू पंचांग की कॉपी भी सभी अफसरों को भेजी है. डीजीपी विजयकुमार की तरफ से जारी किए गए आदेश में साफ लिखा गया है कि हिंदू पंचांग के अंधेरे पक्ष यानी कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि के 1 सप्ताह पूर्व और 1 सप्ताह बाद रात के समय अधिक घटनाएं होती हैं।

उत्तर प्रदेश पुलिस अब अपराध और अपराधियों पर नकेल कसने के लिए पंचांग के अनुसार काम करेगी. उत्तर प्रदेश के डीजीपी ने रातके अंधेरे में होने वाले अपराध पर अंकुश लगाने के लिए जारी किए अपने सर्कुलर में आदेश दिया है कि थाना प्रभारी हिंदू पंचांग कीअमावस्या तिथि से एक सप्ताह पहले और एक सप्ताह बाद विशेष सतर्कता रखें. इस दौरान हुई घटनाओं की क्राइम मैपिंग कराई जाए।

डीजीपी ने अपने सर्कुलर के साथ हिंदू पंचांग की कॉपी भी सभी अफसरों को भेजी है ताकि उन्हें पता रहे कि अमावस्या कब पड़ रही हैऔर कब ज्यादा अपराध होंगे. डीजीपी विजय कुमार की तरफ से जारी किए गए आदेश में साफ लिखा गया है कि हिंदू पंचांग के अंधेरेपक्ष यानी कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि के 1 सप्ताह पूर्व और 1 सप्ताह बाद रात के समय अधिक घटनाएं होती हैं. वरिष्ठ अधिकारी केस्तर पर यह विश्लेषण हर महीने किया जाए।

**हॉटस्पॉट चिन्हित कर गश्त करेंगे पुलिसकर्मी**

प्रत्येक माह में कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि को चिन्हित किया जाए. अमावस्या तिथि से 1 सप्ताह पहले और 1 सप्ताह बाद रात में होनेवाले अपराध का सीसीटीएनएस और डायल 112 से सूचनाओं का मिलान कर क्राइम मैपिंग कराई जाए और ऐसी जगहों को चिन्हितकिया जाए जहां अमावस्या की तिथि के आसपास अपराध हुआ है. सभी थाना प्रभारी अपने अपने थाना क्षेत्रों में क्राइम मैपिंग केअनुसार हॉटस्पॉट चिन्हित कर गश्त करेंगे।

पुलिस स्टेशन में भेजा गया पंचांग

डीजीपी विजय कुमार के 3 पेज के सर्कुलर के साथ अगस्त महीने का हिंदू पंचांग भी भेजा गया है ताकि अफसरों को पता रहे कि अगस्तमहीने में 16 तारीख और सितंबर और अक्टूबर की 14 तारीख को अमावस्या पड़ेगी. पंचांग भेजने के पीछे यह उद्देश्य है कि पुलिसअधिकारी पहले से अपने काम की प्लानिंग कर सकें।




**डीजीपी को भेजेंगे रिपोर्ट**

फिलहाल डीजीपी विजय कुमार की तरफ से जारी किए गए सर्कुलर पर अमावस्या की तिथि से एक सप्ताह पहले और एक सप्ताह बादहोने वाले अपराध का विश्लेषण शुरू कर दिया गया है. जल्द कई जिले अमावस्या पर हुई घटनाओं की रिपोर्ट भी डीजीपी मुख्यालय कोभेजेंगे।

# तेलंगाना के विकास के लिए डबल इंजन सरकार की जरूरत : डॉ. राजेश्वर सिंह

## एमएलए प्रवास में तेलंगाना के नरसापुर पहुंचे सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह, संगठन पदाधिकारियों के साथ की बैठक

**करण वाणी, न्यूज**

तेलंगाना। भाजपा की विचारधारा राष्ट्रप्रथम की है, देशवासियों को भाजपा की नीतियों, नेतृत्व, नीयत पर विश्वास है। भाजपा अपनेमेनिफेस्टो जो कहती है वो करती है, चाहे वो धारा 370 को खत्म करना हो, राम मंदिर का निर्माण हो या ट्रिपल तलाक को समाप्तकरना हो। भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है जिसमें 18 करोड़ से अधिक ऊर्जामयी कार्यकर्ता हैं।

ये बातें भारतीय जनता पार्टी के विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहीं। इन दिनों डॉ. राजेश्वर सिंह तेलंगाना में आठ दिवसीय विधायकप्रवास कार्यशाला में हैं, प्रथम दिन डॉ. राजेश्वर सिंह ने तेलंगाना प्रवास के दौरान आज नरसापुर विधानसभा, जिला मेडक के ळठत्र्हृत्न२ ईँ५ल्ल में आयोजित विधानसभा स्तरीय बैठक में प्रतिभाग कर मौजूदा राजनीतिक हालातों, विधानसभा के मुद्दों तथा आगामी चुनावसंबंधित रणनीति पर चर्चा की। उन्होंने सभी से सरल/नमो एप डाउनलोड करने की अपील की। इस दौरान उन्होंने विधानसभा एवं मंडलस्तर पर सोशल मीडिया एवं आईटी टीम के प्रदर्शन की समीक्षा भी की।

कार्यक्रम में विधायक राजेश्वर सिंह ने भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियां का उल्लेख किया तो वहीं प्रदेश में शासित बीआरएससरकार पर प्रहार करने से भी नहीं चूके। उन्होंने कहा कि बीआरएस एक राज्य सीमित पार्टी है जोकि भ्रष्टाचार और परिवारवाद में लिप्तहै, यहां केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी ?योजनाओं का लाभ जनता तक नहीं पहुंच पा रहा है। तेलंगाना के विकास को डबल इंजन कीजरूरत है। उन्होंने विश्वास जताया कि आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा की अभूतपूर्व मतों से विजयी होगी। लोगों को पीएम मोदीऔर अमित शाह के नेतृत्व पर भरोसा है।

केसीआर के नेतृत्व वाली तेलंगाना सरकार पर करारा हमला बोलते हुए विधायक राजेश्वर सिंह ने आगे कहा कि के चंद्रशेखर राव केनेतृत्व में तेलंगाना महिलाओं के लिए एक असुरक्षित राज्य बन रहा है, एनसीआरबी की रिपोर्ट बताती है राज्य में महिलाओं के विरुद्धअपराध में 17% की वृद्धि हुई है। सरकार किसानों के प्रति पूरी तरह संवेदनहीन है, राज्य में किसानों की सुरक्षा के लिए कोई भी बीमायोजना नही लागू है, बीआरएस सरकार ने राज्य में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना भी नही लागू होने दिया यही कारण है कि पिछले 8 साल में तेलंगाना में 8 हजार किसानों ने आत्महत्या की, किसानों के आत्महत्या के मामले में तेलंगाना का देश भर में चौथा स्थान है।



उत्तर प्रदेश का उदाहरण देते हुए डॉ. राजेश्वर सिंह ने बताया कि आज यूपी में डंबल इंजन की सरकार के नेतृत्व में प्रदेश का सर्वांगीणविकास हो रहा है। पीएम मोदी और योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश भारत का ग्रोथ इंजन बनने की ओर अग्रसर है। डबलइंजन की सरकार में विकास भी डबल होता है।

रविवार को उन्होंने नरसापुर का भ्रमण भी किया और स्थानीय लोगों से भी भेंट की। उन्होंने नरसापुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पेद्दाचिंताकुंता स्थित जला हनुमान मंदिर में बजरंगबली के दर्शन किए। इसके बाद उन्होंने मंदिर प्रांगण में आयोजित मध्याह्न भोज कार्यक्रममें सभी मंडल अध्यक्षों, पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकताओं व साथियों के साथ लंच किया, साथ ही क्षेत्र से जुड़े कई महत्वपूर्ण बिंदुओं वभाजपा की लोककल्याणकारी नीतियों पर चर्चा की। इसके अलावा उन्होंने नरसापुर विधानसभा में स्थित लायंस आई हॉस्पिटल मेंऔषधीय गुणों से युक्त पत्थरचट्टा का पौधा भी लगाया।

प्रवास के प्रथम दिन का कार्यक्रम नरसापुर स्थित तेलंगाना नॉन गजटेड ऑफिसर्स यूनियन भवन में आयोजित किया गया जहां भाजपाजिलाध्यक्ष गद्दाम श्रीनिवास, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एस गोपी एवं मुरली यादव, नरसापुर विधानसभा संयोजक वी मल्लेश गौड़, मेडक जिला ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष रमेश गौड़, जिला महासचिव संगासोनी सुरेश, जिला सचिव के. नागा राजू, आईटी सेल प्रमुखसंदीप, भाजपा के वरिष्ठ नेता झ्र रघुवीरा रेड्डी, नगर अध्यक्ष झ्र औजी गौड़, नरसापुर पार्षद बुचेश यादव, नरसापुर टाउन मंडल अंजी गौड़, नरसापुर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष नरसिंह राव, कौडिपल्ली मंडल अध्यक्ष राकेश, शिवनपेट मंडल अध्यक्ष रवि गौड़, कुलचरम मनादलमंडल अध्यक्ष धयाकर, चिलिपचेड़ मंडल अध्यक्ष दशरथ, हथनूर मंडल अध्यक्ष नागप्रभु गौड़, वेल्दुर्थी मंडल अध्यक्ष नरसिमला, मासाईपेट मंडल अध्यक्ष वेणु एवं बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 'इंडिया' गठबंधन को मिलेगा नया लोगो! बढ़ सकते हैं नए दल

विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के घटक दल आगामी 31 अगस्त और 1 सितंबर को मुंबई में तीसरी बैठक होगी. इस बैठक में कुछ नए दल शामिल हो सकते हैं।

**करण वाणी, न्यूज**

लोकसभा चुनाव 2024 की रणनीति बनाने के लिए विपक्षी गठबंधन इंडिया (कठ.ऊकअ) की घटक पार्टियां मुंबई में 31 अगस्त और 1 सितंबर को मिलने वाली हैं. इस बैठक के दौरान इंडिया गठबंधन का प्रतीक चिह्न जारी किए जाने की संभावना है. समाचार एजेंसी पीटीआई ने सूत्रों के हवाले से रविवार (20 अगस्त) को ये जानकारी दी।

मुंबई में इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूसिव अलायंस (इंडिया) की तीसरी बैठक में 26 से ज्यादा राजनीतिक दलों के लगभग 80 नेताओं के शामिल होने की उम्मीद है. वर्तमान में 26 दल गठबंधन समूह का हिस्सा हैं और दो दिवसीय बैठक के दौरान कुछ और दल गठबंधन में शामिल होने के लिए तैयार हैं।

**उद्धव ठाकरे करेंगे रात्रिभोज की मेजबानी**

सूत्रों के अनुसार, गठबंधन के लोगो का अनावरण एक सितंबर को बैठक की शुरूआत से पहले किया जा सकता है. विपक्षी गुट की पहली बैठक इसी साल 23 जून को पटना में और दूसरी पिछले महीने 17-18 जुलाई को बेंगलुरु में हुई थी।

सूत्रों ने कहा कि पांच राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ-साथ पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी सहित ह्यइंडियाह्न गठबंधन के नेताओं के 31 अगस्त की शाम छह बजे से पहले मुंबई पहुंचने की उम्मीद है. शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) प्रमुख उद्धव ठाकरे 31 अगस्त को उपनगरीय मुंबई के ग्रैंड हयात होटल में आने वाले नेताओं के लिए रात्रिभोज की मेजबानी करेंगे. अगले दिन बैठक उसी स्थान पर होगी और उसके बाद संवाददाता सम्मेलन होगा.



**कांग्रेस पार्टी की तरफ से होगा लंच**

कांग्रेस पार्टी की स्टेट और मुंबई यूनिट की ओर से विपक्षी दलों के नेताओं के लिए दोपहर के भोजन का आयोजन किया जाएगा. सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस नेता राहुल गांधी एक सितंबर को बैठक के बाद मध्य मुंबई में प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय तिलक भवन का दौरा कर सकते हैं।

कांग्रेस की महाराष्ट्र यूनिट के कार्यकारी अध्यक्ष नसीम खान ने कहा कि शरद पवार, उद्धव ठाकरे और अशोक चव्हाण सहित महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के नेता यह सुनिश्चित करने के लिए सूक्ष्म स्तर की योजना में लगे हुए हैं कि बैठक सफल हो. उन्होंने कहा, ह्यह्यहोटल पहुंचने पर विपक्षी दलों का पारंपरिक स्वागत किया जाएगा. सभी नेता तैयारियों के तहत नियमित बैठकें कर रहे हैं. रविवार को हुई बैठक में शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे और संजय राउत, कांग्रेस नेता वर्षा गायकवाड़, मिलिंद देवड़ा और नसीम खान, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के नेता नरेंद्र वर्मा समेत अन्य शामिल हुए।

# अब यूपी में और तेज दौड़ेगा बुलडोजर,

## अपराधियों की संपत्ति पर बुलडोजर चलाना हुआ आसान

यूपी में अपराधियों पर बुलडोजर चलाए जाने की खबरें लगातार देश भर में सुर्खियां बनती हैं। अब प्रदेश में अपराधियों के घर बुलडोजर चलाना और भी आसान हो गया है।



**करण वाणी, न्यूज**

प्रदेश में अपराधियों की संपत्ति को जब्त करने के लिए केवल एक मुकदमा होना पर्याप्त होगा। उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय के निर्देशों के बाद किसी भी अपराधी के खिलाफ यदि केवल एक मुकदमा दर्ज है, तो भी उस पर उप्र गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम के तहत कार्यवाही की जा सकेगी।

बता दें कि इस अधिनियम के तहत पुलिस अपराधियों की संपत्तियों को जब्त करती है। अपराध के जरिए अर्जित इन संपत्तियों पर बुलडोजर भी चलाया जाता है।

डीजीपी विजय कुमार द्वारा इस बाबत मातहतों को दिए निर्देशों में कहा गया कि हाल ही में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के समक्ष यह विषय विचार हेतु प्रस्तुत हुआ कि क्या एक ही अपराध के आधार पर अभियुक्तों के विरुद्ध उप्र गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम के अधीन कार्यवाही की जा सकती है।

उच्च न्यायालय ने सुनवाई के बाद 4 अगस्त को जारी आदेश में इसे सही ठहराया है। बीते वर्ष उच्चतम न्यायालय ने भी इस सिद्धांत को स्वीकार किया था। डीजीपी ने समस्त पुलिस आयुक्त एवं जिलों के पुलिस कप्तानों को निर्देश दिया है कि वह उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय के आदेशों का संज्ञान लेते हुए कार्यवाही करें।

# मुफ्त गैस सिलेंडर देगी योगी सरकार, सीधे खाते में जाएंगे 914 रुपये

उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को दिवाली पर पैसा मिल सकता है। सिलेंडर के खुदरा मूल्य में केंद्र से मिलने वाली सब्सिडी घटाकर भुगतान का प्रस्ताव दिया गया है।



**करण वाणी, न्यूज**

उत्तर प्रदेश सरकार उज्ज्वला योजना के 1.75 करोड़ लाभार्थियों को दो निशुल्क एलपीजी सिलेंडर देने की जगह उनके बैंक खाते में पैसे डालने पर विचार कर रही है। एक सिलेंडर के लिए 914.50 रुपये का भुगतान होगा। पहली किस्त इसी दिवाली खाते में भेजने की योजना है। इसके लिए लाभार्थियों के बैंक एकाउंट को आधार से लिंक कराने की कार्रवाई तेज करने को कहा गया है।

सत्ताधारी दल भाजपा ने 2022 के विधानसभा चुनाव में उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को दो मुफ्त सिलेंडर का वादा किया था। ये होली व दिवाली पर दिए जाने हैं। चुनाव नतीजे आने के बाद दो बार होली व एक बार दिवाली बीत चुकी है। मगर, इस वादे पर अभी अमल का इंतजार है। इधर, तेजी से बढ़ती महंगाई और नजदीक आते लोकसभा चुनाव से पहले सरकार इस वादे पर अमल के फॉमूर्ले पर विचार कर रही है।

सूत्रों का कहना है कि सिलेंडर के खुदरा औसत मूल्य 1144 रुपये में केंद्र सरकार से मिलने वाली 230 रुपये की सब्सिडी व बैंक विनिमय दर को घटाकर करीब 914.50 रुपये भुगतान पर सहमति बनी है। सरकार ने तय किया है कि योजना में लाभार्थियों के केवल आधार लिंक बैंक खातों में ही भुगतान किया जाएगा।

# टमाटर की खेती से होगी लाखों की कमाई, इन बातों का रखें ध्यान

टमाटर की खेती कर आप अच्छी कमाई कर सकते हैं, टमाटर की खेती करना आसान है, बस इसकी खेती के दौरान कुछ चीजें ध्यान मेंरखनी चाहिए, आइए जानते हैं, टमाटर की खेती से जुड़ी जरूरी टिप्स।



करण वाणी, न्यूज

भारत में टमाटर की खेती बड़े स्तर पर होती है. कई किसान टमाटर की खेती कर बड़ा मुनाफा कमाते हैं. अगर आप 1 हेक्टेयर में भी टमाटर की खेती करते हैं, तो आपके पास 800 से 1200 क्विंटल टमाटर का उत्पादन होगा।

**टमाटर की खेती के लिए कैसी होनी चाहिए मिट्टी?**

टमाटर की खेती अलगअलग तरह की मिट्टी पर की जा सकती है. इसके लिए रेतीली दोमट से लेकर चिकनी मिट्टी, लाल और काली मिट्टी तक पर खेती की जा सकती है. बस एक चीज का ध्यान रखें, जो भी मिट्टी आपके खेत में हो, उसमें पानी की उचित निकासी होनी चाहिए।

**कब करनी चाहिए टमाटर की खेती?**

अगर उत्तर भारत की बात करें तो टमाटर की खेती यहां साल में दो बार की जाती है. पहली खेती जुलाई अगस्त से शुरु होकर फरवरी मार्च तक चलती है. वहीं, दूसरी खेती नवंबर दिसंबर से लेकर जून जुलाई तक चलती है।

**इस खेती में होता है कितना फायदा?**

टमाटर की खेती में किसान बड़ा फायदा उठा सकते हैं. किसान एक हेक्टेयर में 800-1200 क्विंटल तक पैदावार पा सकते हैं. ज्यादापैदावार की वजह से किसानों को लागत से ज्यादा मुनाफा होता है. आप अगर एक हेक्टेयर में खेती कर रहे हैं, तो आप 15 लाख तककी कमाई कर सकते हैं।

**एक हेक्टेयर जमीन के लिए चाहिए कितने टमाटर के बीज?**

अगर आप सामान्य किस्म का टमाटर लगाते हैं तो प्रति हेक्टेयर आपको करीब 500 ग्राम बीज की जरूरत होगी, जबकि हाइब्रिड बीच250-300 ग्राम ही चाहिए होगा।

**खेती से पहले बीजों से नर्सरी तैयार की जाती है?**

टमाटर की खेती में सबसे पहले बीजों से नर्सरी तैयार की जाती है. करीब महीने भर में नर्सरी के पौधे खेतों में लगाने लायक हो जाते हैं।

**कैसे करें खेत की सिंचाई?**

सर्दियों के मौसम में 6 से 7 दिन के अंतराल पर आपको खेत की सिंचाई करनी चाहिए और गर्मी के महीने में मिट्टी की नमी के आधार पर10-15 दिनों के अंतराल पर सिंचाई करें।

**कितना तापमान खेती के लिए उचित?**

टमाटर एक ऐसी सब्जी है जो गर्म जलवायु में ही उगाई जाती है परंतु इसकी खेती ज्यादातर ठंडे मौसम में की जाती है. इसके सफलउत्पादन के लिए इसका तापमान 21 से 23 डिग्री अनुकूल माना जाता है।

**ये राज्य हैं टमाटर के प्रमुख उत्पादक?**

बिहार, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, ओडिशा, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश और पश्चिम बंगाल टमाटर के मुख्य उत्पादक वाले राज्य हैं. पंजाब में, अमृतसर, रोपड़, जालंधर, होशियारपुर टमाटर उगाने वाले जिले हैं।

# लेमनग्रास के पौधें से 12 महीने लगातार मुनाफा

लेमनग्रास की पत्तियों का उपयोग सबसे ज्यादा परफ्यूम, साबुन, निरमा, डिटर्जेंट, तेल, हेयर आयल, मच्छर लोशन, सिरदर्द की दवा व कास्मेटिक बनाने में भी प्रयोग बनाने में भी प्रयोग किया जाता है, ऐसे में इन प्रोडक्ट्स को बनाने वाली फैक्टरियों में इस पौधे के तेल की काफी मांग होती है।



लेमनग्रास की खेती कैसे करें

**लखनऊ (करण वाणी, न्यूज)।** भारत में किसानों के आर्थिक हालात सुधारने और जीवनस्तर को बेहतर करने के लिए सरकार की तरफ से तमाम तरह के प्रयास किए जाते रहे हैं. इसी कड़ी में एरोमा मिशन के तहत सुगंठित पौधों की खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है. इन्हीं में से एक प्रयोग है लेमनग्रास की खेती. इस पौधे की सबसे खास बात ये है कि इसे सूखाग्रस्त इलाकों में भी लगाया जा सकता है।

कमाएं बंपर मुनाफा

लेमनग्रास की पत्तियों का प्रयोग परफ्यूम, साबुन, निरमा, डिटर्जेंट, तेल, हेयर आयल, मच्छर लोशन, सिरदर्द की दवा व कास्मेटिक बनाने में किया जाता है, ऐसे में इन प्रोडक्ट्स को बनाने वाली फैक्टरियों में इस पौधे के तेल की काफी मांग होती है. साथ ही एक अनुमान के मुताबिक, भारत हर वर्ष करीब 700 टन नींबू घास के तेल का उत्पादन करता है. इसके तेल को बाहर विदेशों में भी निर्यात किया जाता है. ऐसे में किसानों के पास इस पौधे की खेती कर लाखों का मुनाफा कमाने का अवसर है।

लेमनग्रास के पौधों की खासियत

लेमनग्रास के पौधे की खास बात ये है कि बंजर से बंजर जमीन पर उगाया जा सकता है. साथ ही इसकी खेती में लागत भी ज्यादा नहीं आती है, गोबर की खाद और लकड़ी की राख और 8-9 सिंचाई में ये पौधा तैयार होकर लहलहाने लगता है, एक बार इस इसके पौधों को लगाने के बाद आप 7 साल तक दोबारा बुआई से छुटकारा पा जाएंगे. हर तीन महीने के अंतराल पर किसान इस पौधे की पत्तियों की कटाई कर पूरे साल बढ़िया मुनाफा कमा सकते हैं। लेमनग्रास पौधे इसकी खेती साल में किसी भी समय की जा सकती है, लेकिन अगर सबसे मुफीद महीने की बात करें तो फरवरी-मार्च या फिर जुलाई का महीना ज्यादा उपयुक्त मानते हैं. बंजर से बंजर जमीन पर इसकी खेती की जा सकती है. इस पौधे की खेती करते समय पौधे से पौधे के बीच दो-दो फीट की दूरी लेनी चाहिए ताकि पूरे फसल की विकास सही तरीके से हो सके।

# इलियाना ने पहले बच्चे को दिया जन्म

**करण वाणी, न्यूज**

बॉलीवुडी एक्ट्रेस इलियाना डिक्रूज ने हाल में अपने बेटे को जन्म दिया है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर बेटे की खूबसूरत फोटो शेयर कर उसके यूनिक नाम काम खुलाया किया है।

बॉलीवुड एक्ट्रेस इलियाना डिक्रूज मां बन चुकी हैं। हाल में 1 अगस्त को उन्होंने एक बेटे को जन्म दिया है, जिसकी फोटो एक्ट्रेस ने हाल में अपने इंस्टाग्राम पर शेयर की है। साथ ही उन्होंने अपने बेटे के यूनिक नाम को भी रिवील कर दिया है, जो उनके फैंस को काफी पसंद भी आ रहा है। इससे पहले एक्ट्रेस ने मई में अपनी प्रेग्नेंसी अनाउंस की थी, जिसके बाद अब वो मां बन चुकी हैं। अपने बेटे की फोटो शेयर करते हुए एक्ट्रेल मे एक पोस्ट भी शेयर किया है, जिनमें उन्होंने अपने बेटे के लिए अपना प्यार व्यक्त किया है।

एक्ट्रेस ने अपने बेटे की जो फोटो शेयर की है उस पर लिखा है। इसके साथ ही उन्होंने एक प्यारा सा कैप्शन में भी शेयर किया है, जिसमें वो लिखती हैं ह्यकोई भी शब्द ये नहीं बता सकता कि हम अपने प्यारे बेटे का दुनिया में स्वागत करते हुए कितने खुश हैं। दिल भर आया।

इलियाना डिक्रूज ने अपने बेटे को जन्म 1 अगस्त को दिया था, लेकिन उन्होंने फोटो शनिवार (5 अगस्त) को शेयर की थी। फोटो शेयर करने के बाद से ही एक्ट्रेस के पोस्ट पर उनके फैंस और फ्रेंड उनको मां बनने की बधाई दे रहे हैं और साथ ही उनके बेटे के यूनिक नाम की तारीफ भी कर रहे हैं। कुछ समय पहले इलियाना ने अपने पार्टनर के साथ एक डेट नाइट एन्जॉय करते हुए फोटो शेयर की थी। हालांकि, एक्ट्रेस ने इस पोस्ट में अपने बॉयफ्रेंड का नाम रीविल नहीं किया था। इसके अलावा एक्ट्रेस की सगाई और जल्द शादी की खबरें भी सामने आई थीं, लेकिन एक्ट्रेन ने इस पर कोई रिएक्शन नहीं दिया था।



# साहित्य, करण वाणी

## मैं स्वर उधार माँगता हूँ.....

मैं स्वर उधार माँगता हूँ,
बदले में लिख कर देता हूँ,
मेरे गीतों को स्वर दे दो,
मैं यही अर्चना करता हूँ।

कोई तो हम में होगा,
जो गा के हमें सुनाएगा,
कोई तो ऐसा होगा,
मेरे गीत गुन गुनायेगा।


मेरे गीतों की चर्चा,
कहीं तो होती होगी,
मेरी ये कृष्ण भावना,
किसको मनभावन होगी।

कोई तो इन गीतों को,
अपने स्वर में गाएगा,
आदित्य की प्रेमभक्ति,
को कोई तो सरगम देगा।

मैं कविता लिख सकता हूँ,
गीतों की रचना कर सकता हूँ,
आदित्य नहीं पर अपने शब्दों,
को, अपना ही स्वर दे सकता हूँ।

मेरे मन मानस को कोई तो,
अपना होगा जो समझेगा,
आदित्य के गीतों को गाकर,
अपने स्वर में हमें सुनायेगा।

कर्नल आदि शंकर मिश्र, आदित्य
लखनऊ



## लौटकर आऊंगा नही मैं भी...

मुक्कदर का सिकंदर हूं,
अंततः हारूंगा नही मैं भी।
चला जाऊंगा तुझसे दूर पर,
तुझको पुकारूंगा नहीं मैं भी॥

तुझको अकरास है गर तो,
तुझे अब याद आऊंगा नही मैं भी।
कि माना तू इस दिल की मलिका है,
तो किसी और को अब इस दिल में,
बसाऊंगा नही मैं भी॥

पर तू पुकारेगी मुझे इक रोज,
यकीं तो मुझको है ये भी।
तेरी आवाज तो सुन लूंगा,
मगर लौटकर आऊंगा नही मैं भी॥

टूटकर चाहा तो था तुझको,
और टूटकर चाहूंगा मैं अब भी
तू फिर भी पुकारेगी तो सुन लूंगा,
पर लौटकर आऊंगा नही मैं भी॥

माना तुझे पाया नहीं तो क्या,
गिला सबसे करूं मैं भी।
कि सबसे चर्चे करूं तेरे और,
तुझे रुसवा करू मैं भी॥

हां माना तू बेवफा है पर,
अब तुझको बेवफा कह दूं।
जानता तो हूं कि बेह्या है पर,
ये तो फितरत है नही मेरी॥

कि बहुत हुआ गिला शिकवा,
कि अब तो चलता हूं मैं भी,
मेरे छोटे है शुभकामनाएं और
बड़ो को राम राम है जी॥

रणवीर सिंह




# गदर 2 स्टार सनी देओल के बंगले की नहीं होगी नीलामी, बैंक ने ऑक्शन का नोटिस लिया वापस

सनी देओल की फिल्म गदर 2 बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है. मूवी की सक्सेस के बीच रविवार को सनी देओल के जुहू स्थित बंगले की नीलामी की खबर आई थी. इसे लेकर अब नया अपडेट सामने आया है. बैंक ऑफ बड़ौदा ने ई-ऑक्शन का नोटिस वापस ले लिया है. इसकी वजह टेक्निकल बताई गई है.

सनी देओल के जुहू स्थित बंगले की नीलामी को लेकर नया अपडेट सामने आया है. बैंक ऑफ बड़ौदा ने ई-ऑक्शन का नोटिस वापस ले लिया है. इसकी वजह टेक्निकल बताई गई है. रविवार को खबर आई थी कि एक्टर ने ऑक्शन नोटिस की खबर को कंफर्म किया था. हालांकि उनकी तरफ से कहा गया था कि नोटिस में मेंशन किया गया अमाउंट सही नहीं है. ये भी बताया गया कि सनी देओल 1-2 दिन में सारी रकम का भुगतान कर देंगे.

**गदर 2 की बंपर कमाई**

सनी देओल की फिल्म गदर 2 बॉक्स ऑफिस पर राज कर रही है. फिल्म की रिकॉर्डतोड़ कमाई 10वें दिन भी जारी है. भारत ही नहीं विदेश में भी सनी की फिल्म तूफानी कलेक्शन कर रही है. गदर 2 ने 10 दिन में 375 करोड़ से ज्यादा कमा लिए हैं. बहुत जल्द ये मूवी 400 करोड़ कमा लेगी.




बैंक से बड़ा अमाउंट लोन लिया था. उन्होंने 56 करोड़ का भुगतान नहीं किया था.

**क्या था मामला**

बैंक ऑफ बड़ौदा ने सनी देओल के विला की नीलामी को लेकर विज्ञापन निकाला था. जिसके मुताबिक, सनी ने बैंक से एक बड़े अमाउंट का लोन लिया था. इस लोन के लिए उन्होंने मुंबई के जुहू स्थित 'सनी विला' को मॉर्गेज पर दिया था. इसके बदले उन्हें बैंक को करीबन 56 करोड़ रुपये चुकाने थे. ये लोन और इसपर लगा ब्याज वसूलने के लिए बैंक ने एक्टर की प्रॉपर्टी को नीलाम करने का फैसला किया था. विज्ञापन के मुताबिक, सनी विला की नीलामी 25 सितंबर को होनी थी. ऑक्शन के लिए बैंक की तरफ से प्रॉपर्टी की कीमत 51.43 करोड़ रखी गई थी.

देओल्स की टीम ने रविवार को सनी की 400 करोड़ कमाने वाली ये पहली मूवी होगी. तारा सिंह को 22 साल बाद भी दर्शकों का भरपूर प्यार मिल रहा है.

गदर 2 सनी के करियर की सबसे स्पेशल फिल्म कहलाएगी. इस मूवी ने धर्मेंद्र के दोनों परिवारों को साथ ला दिया है. ये पहला मौका है जब ईशा और अहाना देओल पब्लिकली भाई सनी की फिल्म को सपोर्ट कर रही हैं. ईशा ने गदर 2 की स्पेशल स्क्रीनिंग रखी थी. हेमा मालिनी ने भी सनी की फिल्म गदर 2 का रिव्यू किया. ड्रीम गर्ल ने गदर 2 को दमदार कहा. साथ ही सनी की एक्टिंग को शानदार बताया. सनी देओल को परिवार की तरफ से इतना प्यार मिलते देख धर्मेंद्र की खुशी का ठिकाना नहीं है.

सोशल मीडिया पर इन दिनों गदर 2 की धमाकेदार कमाई के साथ देओल्स की बॉन्डिंग छाई हुई है.

# इंजीनियरिंग का चमत्कार है द्वारका एक्सप्रेसवे: नितिन गडकरी

वीडियो के मुताबिक, द्वारका से मानेसर तक यात्रा का समय 15 मिनट, मानेसर से इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे तक 20 मिनट, द्वारका से सिंघु बॉर्डर तक 25 मिनट और मानेसर से सिंघु बॉर्डर तक 45 मिनट हो जाएगा।



**करण वाणी, न्यूज**

केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने आज एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें नवनिर्मित द्वारका एक्सप्रेसवे, भारत का पहले आठ-लेन एलिवेटेड एक्सप्रेसवे के बारे में बताया गया है. नितिन गडकरी ने वीडियो को कैप्शन के साथ साझा किया, "इंजीनियरिंग का चमत्कार: द्वारका एक्सप्रेसवे! भविष्य का एक अत्याधुनिक सफर." वीडियो के अनुसार, द्वारका एक्सप्रेसवे एक चार-पैकेज राजमार्ग है जिसकी लेन-चौड़ाई 563 किमी है.

यह सड़क राष्ट्रीय राजमार्ग 8 पर शिव मूर्ति से शुरू होती है और गुरुग्राम में खेड़की दौला टोल प्लाजा पर समाप्त होती है. यह भारत की पहली परियोजना है जिसके लिए 1,200 पेड़ों का पुनः प्रत्यारोपण किया गया. एक बार पूरा होने पर, परियोजना दिल्ली और हरियाणा के बीच कनेक्टिविटी में काफी सुधार करेगी. वीडियो के मुताबिक, द्वारका से मानेसर तक यात्रा का समय 15 मिनट, मानेसर से इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे तक 20 मिनट, द्वारका से सिंघु बॉर्डर तक 25 मिनट और मानेसर से सिंघु बॉर्डर तक 45 मिनट हो जाएगा.

जानकारी के मुताबिक यह परियोजना द्वारका, सेक्टर 25 में अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर की कनेक्टिविटी को भी मजबूत करेगी. एक्सप्रेसवे के दोनों ओर तीन-तीन लेन की सर्विस रोड हैं. यातायात की भीड़ से बचने के लिए इन सर्विस लेन पर प्रवेश बिंदु बनाए गए हैं. वीडियो के मुताबिक, एक्सप्रेसवे के निर्माण में दो लाख टन स्टील का इस्तेमाल किया गया है, जो एफिल टॉवर में इस्तेमाल हुए स्टील से 30 गुना ज्यादा है. साथ ही प्रोजेक्ट में 20 लाख क्यूबिक मीटर सीमेंट कंक्रीट का इस्तेमाल किया गया है, जो बुर्ज खलीफा में इस्तेमाल से छह गुना ज्यादा है।

# बाल अपराध के शिकार बच्चों में समाज के प्रति पनपा अविश्वास और घृणा अत्यंत खतरनाक: कांग्रेस

दो घंटे में महिलाओं और बच्चियों के साथ रेप और यूपी में हर 90 मिनट में एक बच्चे के साथ अपराध की रिपोर्ट दर्ज होती- एनसीआरबी



**करण वाणी, न्यूज**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता विकास श्रीवास्तव ने कहा कि 2012 में बच्चों को यौन हिंसा से बचाने के लिए मनमोहन सिंह सरकार द्वारा लाया गया पास्को एक्ट का लक्ष्य असुरक्षित बच्चों के हितों का संरक्षण करना तथा उनकी सुरक्षा व गरिमा को सुनिश्चित करना था। पिछले 9 सालों से बाल अपराध को रोक पाने में पूरी तरीके से आकर्मण्य और विफल केंद्र की मोदी सरकार ने 2019 में पाक्सो एक्ट में कुछ जरूरी संशोधन करते हुए जो बड़े-बड़े दावे किए थे, वह सभी दावे आज पूरी तरीके से हवा हवाई साबित हुए हैं। सच्चाई यह है कि नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो (एनसीआरबी) की वार्षिक रिपोर्ट ने देशभर में और उत्तर प्रदेश में अपराध की भयावह तस्वीर उजागर किया है। हालिया रिपोर्ट में दावा किया गया कि हर दो घंटे में राज्य पुलिस में महिलाओं और बच्चियों के साथ रेप का एक मामला दर्ज किया जाता है,जबकि यूपी में हर 90 मिनट में एक बच्चे के साथ अपराध की रिपोर्ट है। वही उपलब्ध एनसीआरबी 2021 के आंकड़ों के मुताबिक देशभर में बच्चों के खिलाफ अपराध के मामलों में 16 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई थी, जो आज 2023 में लगभग 18 प्रतिशत पार है।

कांग्रेस प्रवक्ता विकास श्रीवास्तव ने कहा कि उपलब्ध आंकड़ों, अपराध की प्रवृत्ति, पुलिसिया रवैया और समाज की ऐसे मामलों को नजरअंदाज करने की भूमिका के चलते आज समूचे देश में बच्चों के साथ यौन उत्पीड़न की घटनाएं काफी तेजी से बढ़ती जा रही हैं। इसे सिर्फ कानून बनाकर रोक पाना संभव नहीं हैं। आज उसके लिए सरकारों को सामाजिक जागरूकता पैदा करने हेतु कार्यक्रमों और मजबूत रोडमैप बनाने की जरूरत है। आम नागरिकों व सामाजिक संगठनों को भी बाल हिंसा के खिलाफ आज जनआंदोलन खड़ा करने की जरूरत है।

कांग्रेस प्रवक्ता विकास श्रीवास्तव ने योगी सरकार से मांग किया कि प्रदेश सरकार को आज बढ़ते बाल अपराध को रोकने के लिए कारगर जमीनी कार्यक्रम प्रदेश भर के गांव और शहरों में ब्लॉक और वार्ड स्तर पर चलाने की जरूरत है। इसके अलावा सरकार को समाज में आय दिन होने वाले बाल अपराध के प्रति अपना कड़ा रुख अख्तियार करना चाहिए।

# वलैंडिंग से दो दिन पहले चंद्रयान-3 ने भेजीं चांद की बेहद नजदीकी तस्वीरें

**चंद्रयान-3 ने लैंडिंग से पहले लैंडर हैजर्ड डिटेक्शन एंड अवॉइडेंस कैमरा का इस्तेमाल करके तस्वीरों को खींचा है।**

करण वाणी, न्यूज

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन का बहुप्रतीक्षित मिशन चंद्रयान-3 इतिहास बनाने से बस कुछ कदम दूर है. चंद्रयान-3 का लैंडर विक्रम चांद की सतह पर उतरने के लिए पूरी तरह तैयार है और ये 23 अगस्त को सेफ लैंडिंग करेगा. इसके दो दिन पहले लैंडर ने चांद की हैरतअंगेज तस्वीरें भेजी हैं।

चंद्रयान-3 ने लैंडिंग से पहले लैंडर हैजर्ड डिटेक्शन एंड अवॉइडेंस कैमरा का इस्तेमाल कर-के इन तस्वीरों को खींचा है. ये तस्वीरें चांद की सतह के दक्षिणी ध्रुव पर उस जगह की हैं, जहां पर चंद्रयान-3 के लैंडर विक्रम की लैंडिंग होने वाली हैं।

**इसरो ने शेयर की तस्वीर**

तस्वीरों को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' (पूर्व ट्विटर) पर शेयर करते हुए इसरो ने लिखा, 'ये चांद के सुदूर क्षेत्र की तस्वीरें हैं, जिसे लैंडर के खतरा जांच और बचाव कैमरे (एलएचडीएसी) से खींचा गया है.' खास कैमरे के बारे में बताते हुए इसरो ने कहा, 'ये कैमरा (लैंडर) नीचे उतरने के दौरान सुरक्षित लैंडिंग क्षेत्र (बिना बोल्डर या गहरे गड्ढों वाले) का पता लगाने में सहायता करता है. इसे स्पेस एप्लीकेशन सेंटर, इसरो में विकसित किया गया है।




**दक्षिणी ध्रुव पर उतरेगा चंद्रयान-3**

चंद्रयान 3 के 23 अगस्त को शाम करीब 6:04 बजे (भारतीय समयानुसार) चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने की उम्मीद है. रविवार की सुबह मिशन का दूसरा और अंतिम डीबूस्टिंग ऑपरेशन (रफ्तार कम करने की प्रक्रिया) सफलतापूर्वक पूरा किया गया था।

चांद पर सफल लैंडिंग के बाद भारत ऐसा करने वाला दुनिया का चौथा देश बन जाएगा. अभी तक केवल अमेरिका, सोवियत संघ और चीन के मिशन ही चांद पर सफलतापूर्वक उतर चुके हैं।

# डब्ल्यूएचओ चीफ ने आयुष्मान भारत योजना की तारीफ की

करण वाणी, न्यूज

डब्ल्यूएचओ प्रमुख ने कहा, "मैं यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज और आयुष्मान भारत योजना को आगे बढ़ाने में भारत के कदमों की सराहना करता हूं, जो दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य पहल है."

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के महानिदेशक डॉ. टेड्रोस एडनोम घेब्रेयसस ने शुक्रवार को स्वास्थ्य कवरेज और योजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए भारत की सराहना की. डॉ. टेड्रोस ने गुजरात के गांधीनगर में चल रही जी20 स्वास्थ्य मंत्रियों की बैठक के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की. अपने संबोधन की शुरुआत में, डॉ. टेड्रोस ने जी20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी में भारत के शानदार आतिथ्य और दूरदर्शी नेतृत्व के लिए भारत को धन्यवाद दिया.

डब्ल्यूएचओ प्रमुख ने कहा, "मैं यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज और आयुष्मान भारत योजना को आगे बढ़ाने में भारत के कदमों की सराहना करता हूं, जो दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य आश्वासन पहल है." उन्होंने एक स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र की अपनी यात्रा को भी याद किया और वहां प्रदान की जा रही सेवाओं की सराहना की. उन्होंने कहा, "मैंने यहां गांधीनगर में एक स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र का दौरा किया और एचडब्ल्यूसी द्वारा 1000 घरों को प्रदान की जा रही प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं से प्रभावित हुआ."

उन्होंने गुजरात में प्रदान की गई टेलीमेडिसिन सुविधाओं की भी सराहना की और शनिवार को शुरू होने वाली वैश्विक डिजिटल स्वास्थ्य पहल के लिए भारत के जी20 प्रेसीडेंसी को धन्यवाद दिया. डॉ. टेड्रोस कहा, "मैं यहां प्रदान की जा रही टेलीमेडिसिन सेवाओं की सराहना करता हूं, जो स्थानीय स्तर पर नुस्खे और उपचार प्रदान करती हैं. यह स्वास्थ्य सेवा में बदलाव का एक उत्कृष्ट उदाहरण है. मैं वैश्विक डिजिटल स्वास्थ्य पहल में नेतृत्व लेने के लिए भारत जी20 प्रेसीडेंसी को भी धन्यवाद देता हूं, जिसे कल लॉन्च किया जाएगा,"

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने शुक्रवार को कहा कि विभिन्न देशों के 70 से अधिक प्रतिनिधि यहां गांधीनगर में जी20 स्वास्थ्य मंत्रियों की बैठक और साइड इवेंट में भाग ले रहे हैं. जी20 इंडिया प्रेसीडेंसी के तहत तीन दिवसीय जी20 स्वास्थ्य मंत्रियों की बैठक 19 अगस्त को समाप्त होगी."




जी20 स्वास्थ्य मंत्रियों की बैठक और साइड इवेंट में विभिन्न देशों के 70 से अधिक प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं. केंद्रीय मंत्री मनुखस मंडाविया ने कहा, "हम लोगों को भारत का स्वास्थ्य मॉडल दिखा रहे हैं और वे इसकी सराहना कर रहे हैं. मोदी सरकार ने स्वास्थ्य क्षेत्र को समग्र दृष्टिकोण से देखा है."

जी20 इंडिया प्रेसीडेंसी के तहत जी20 स्वास्थ्य मंत्रियों की बैठक 17 से 19 अगस्त के दौरान गांधीनगर, गुजरात में हो रही है. भारत ने 1 दिसंबर, 2022 को जी20 की अध्यक्षता ग्रहण की और वर्तमान में इंडोनेशिया, भारत और ब्राजील वाले जी20 ट्रोइका का हिस्सा है. भारत की जी20 अध्यक्षता ने पहली बार चिह्नित किया कि तिकड़ी में तीन विकासशील और उभरती अर्थव्यवस्थाएं शामिल हैं. जी20 स्वास्थ्य मंत्री की बैठक का फोकस जी20 हेल्थ ट्रैक की तीन प्रमुख प्राथमिकताओं पर होगा.

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक सीमा सिंह द्वारा प्वांइट ऑफसेट, 86/98 कुर्मी टोला गुरुगोविन्द सिंह मार्ग, लालकुआं, लखनऊ-226018 से मुद्रित एंव पहाड़पुर, पोस्ट बंथरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
सम्पादक- पंकज सिंह मो- 9415067370 E-mail:-karnvaninews@gmail.com website:- www.karnvaninews.com RNI-UPHIN/2016/74800